# वीयू – ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो 23 जनवरी 2026

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के दिशा–निर्देशन एवं डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में 13वीं ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर मैदान, जबलपुर में आयोजित होगा।

इस संबंध में 8 जनवरी 2026 को आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता में सभी नस्लों के कुत्तों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालतू पशुओं के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना, जिम्मेदार पालतू–पालन को प्रोत्साहित करना तथा पशु कल्याण के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना है।

आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए पशु चिकित्सा परिसर (पशु चिकित्सा महाविद्यालय), जबलपुर से संपर्क कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने शहरवासियों, पशु–प्रेमियों एवं पालतू कुत्ता पालकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर